# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# प्रतिबंध के चलते हरकी पैड़ी पर मकर संक्रांति स्नान नही कर पाए श्रद्धालु

**नाराजगी**

## तीर्थ पुरोहितों व व्यापारियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रशासन के फैसले पर उठाए सवाल

**संवाददाता**

हरिद्वार। कोरोना के बढ़ते मामलों की वजह से प्रतिबंधित लगाए जाने की वजह से श्रद्धालु हरकी पैड़ी पर मकर संक्रांति स्नान नहीं कर पाए। श्रद्धालुओं को हरकी पैड़ी पहुंचने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात किया गया था। सीमाओं को भी सील किया गया था। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को सीमाओं से ही वापस लौटा दिया गया।

स्नान को प्रतिबंधित किए जाने पर तीर्थ पुरोहितों व व्यापारियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रशासन के फैसले पर सवाल उठाए। जबकि अन्य घाटों पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान और पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओ ने गंगा में डुबकी लगाकर भगवान भास्कर को गंगा जल से अर्घ्य अर्पण किया और सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही खिचड़ी



व तिल से बने पदार्थो का दान किया।

मकर संक्रांति स्नान के विशेष पौराणिक महत्व के चलते प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए हरिद्वार आते हैं। लेकिन कोरोना के मामले बढ़ने की वजह से एहतियात बरतते हुए सरकार व प्रशासन ने स्नान को प्रतिबंधित करने का फैसला किया था। जिसके तहत सीमाओं को सील रखा गया और हरकी पैड़ी जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर व पुलिस बल तैनात किया गया था। जिससे श्रद्धालु हरकी पैड़ी नहीं पहुंच पाए। इसके लिए मेला क्षेत्र को जाने व सेक्टरों में विभाजित कर पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। एसएसपी डा.योगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि कोविड संक्रमण के चलते हरकी पैड़ी व आसपास के घाटों पर मकर संक्रांति स्नान को प्रतिबंधित किया गया है। जिसके तहत हरकी पैड़ी व अन्य घाटों पर भीड़ इकट्ठा ना हो इसके लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

तीर्थ पुरोहित सिद्धार्थ चक्रपाणी ने बताया कि सूर्य के एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करने को संक्रांति कहा जाता है। स्नान पर प्रतिबंध लगाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सिद्धार्थ चक्रपाणी ने कहा कि प्रशासन की दोहरी नीति है। हरकी पैड़ी व आसपास के घाटों पर स्नान प्रतिबंधित किया गया है। जबकि अन्य घाटों पर श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं। प्रशासन को प्रतिबंध लगना था तो पूरी तरह लगाना चाहिए था। या फिर कोविड गाइड लाईन के तहत स्नान की अनुमति देनी चाहिए थी। व्यापारी नेता संजय त्रिवाल ने कहा कि प्रशासन मनमर्जी कर रहा है। श्रद्धालुओं के केवल हरकी पैड़ी आने पर प्रतिबंध लगाया गया है। व्यापारी तीन साल से मंदी का सामना कर रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### गन्ने का भुगतान न होने पर किसानों में आक्रोश

**संवाददाता** ऋषिकेश। डोईवाला चीनी मिल का पेराई सत्र शुरु होने के डेढ़ माह बाद भी किसानों को गन्ने का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसानों ने चीनी मिल के अधिशासी निदेशक पर खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को पूर्व प्रधान उमेद बोहरा ने कहा कि चीनी मिल के अधिशासी निदेशक आचार संहिता और कोविड का बहाना बनाकर किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। डोईवाला चीनी मिल पिछले 55 दिनों से लगातार चल रही है। जिसमें 10 लाख कुंतल से अधिक गन्ने की पेराई की जा चुकी है। बावजूद इसके गन्ना किसानों का बकाया भुगतान अभी तक नहीं दिया गया है। ईडी के कार्यालय में जाने पर वे नहीं मिलते हैं। जिससे किसान परेशान हैं।

### यूकेडी ने जनसंपर्क अभियान चलाया

**संवाददाता** ऋषिकेश। डोईवाला में विधानसभा चुनाव के लिए यूकेडी ने बिगुल फूंक दिया है। यहां यूकेडी प्रत्याशी ने जनसंपर्क कर अपने पक्ष में वोट मांगे। शुक्रवार को डोईवाला में यूकेडी प्रत्याशी शिवप्रसाद सेमवाल ने जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसके तहत उन्होंने अठूरवाला, मोरधार और सुनार गांव में घर–घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया। उन्होंने कहा कि डोईवाला विधानसभा क्षेत्र और प्रदेश के अन्य जगहों पर पिछले 20 सालों से एक जैसी समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं। लेकिन कांग्रेस और भाजपा ने 10–10 साल राज करने के बावजूद पेयजल, सार्वजनिक नालियों के निर्माण जैसी समस्याओं का भी समाधान नहीं किया। क्षेत्र में लोग तो वोल्टेज की समस्या, जर्जर सड़कें आदि से परेशान हैं।

### रिलायंस ज्वेल्स ने नए साल का भव्य तरीके से स्वागत किया

**संवाददाता** हरिद्वार। भारत में आभूषणों के सबसे भरोसेमंद ब्रांड, रिलायंस ज्वेल्स ने लोहड़ी और मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में बेहद खूबसूरत डिजाइनों वाले आभूषणों को बाजार में उतारा है। #UtsavSunherePalonKa* की थीम के साथ, रिलायंस ज्वेल्स सूरज की तेजस्वी किरणों से प्रेरित डायमंड इयररिंग्स और अंगूठियों के बेमिसाल कलेक्शन ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। जिस तरह आसमान में चमकता हुआ सूरज हर दिन हर दिन अपने साथ उम्मीद की एक नई किरण लेकर आता है, उसी तरह इस बार त्योहारों के अवसर पर रिलायंस ज्वेल्स आपके लिए ऐसे डिजाइन लेकर आया है, जो जीवन में आशा और शुभकामनाओं का प्रतीक है। डायमंड कलेक्शन के प्रत्येक आभूषण को बड़ी सावधानी से डिजाइन किया गया है।

# अगले कुछ दिनों तक कोहरा, पाला पड़ने की संभावना

**पर्वतीय क्षेत्रों में पाला पड़ने से जनजीवन हो रहा प्रभावित**

**संवाददाता** देहरादून। राज्य के लोगों को बारिश और बर्फबारी से तो निजात मिल गई है, लेकिन अगले कुछ दिन कोहरा और पाला पड़ने की संभावना है। वहीं राजधानी देहरादून में शुक्रवार को चटख धूप खिली रही। हल्द्वानी में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। मसूरी में भी धूप खिलने से लोगों को ठंड से राहत मिली। इसी प्रकार शुक्रवार को राज्य के अधिकतर इलाकों में मौसम साफ बना हुआ है।

वहीं राजधानी देहरादून के अलावा हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर जैसे मैदानी जिलों में पिछले दो दिनों से जबरदस्त कोहरा देखने को मिल रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में पाला पड़ने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। गुरुवार की सुबह राजधानी दून व आसपास के इलाकों में जबरदस्त कोहरा देखने को मिला। दोपहर बाद स्थिति सामान्य हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों में हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर जैसे मैदानी जिलों में घना कोहरा छाए रहने की उम्मीद है। राज्य के पर्वतीय इलाकों में पाला पड़ने की पूरी संभावना है। राजधानी दून व आसपास के इलाकों में आसमान साफ रहेगा। आशिक बादल छाए रहेंगे। कोहरा पड़ने की संभावना है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री के आसपास रहेगा।



# सरकारी जमीन पर कब्जा करने से भड़के लोग

**संवाददाता** ऋषिकेश। शीशमझाड़ी स्थित आस्थापथ पर खाली जमीन पर कब्जा कर एक आश्रम की ओर से बाउंड्री करने की भनक लगने पर लोग भड़क गए। स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन कर यहां निर्माण कार्य रुकवा दिया। शुक्रवार को शीशमझाड़ी में आस्थापथ पर चल रहे एक निर्माण को स्थानीय लोगों ने रुकवा दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्थानीय जनप्रतिनिधि कौशल चौहान ने बताया कि खाली जमीन सिंचाई विभाग की है। सरकारी संपत्ति पर कब्जा करने के प्रयास किया जा रहा है। वहीं सिंचाई विभाग सहायक अभियंता मंगल सिंह ने कहा कि काम रुकवा दिया है। जांच की जा रही है।

# आचार सहिंता के उल्लघंन में अजय कोठियाल को नोटिस

## बच्चों को खिलोना पिस्तौल बांटने का वीडियो हो रहा वायरल

**संवाददाता** देहरादून। निर्वाचन आयोग ने आम आदमी पार्टी के नेता और मुख्यमंत्री उम्मीदवार कर्नल (सेनि.) अजय कोठियाल को आचार संहिता के उल्लघंन के आरोप में नोटिस जारी किया है। इसके अलावा कोठियाल का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रिटर्निंग ऑफिसर का कहना है कि उक्त वीडियो के संबंध में भी नोटिस जारी किया जाएगा।

**आचार सहिंता के दौरान शॉल भेंट करने का आरोपः** भाजपा व कांग्रेस के बाद अब आप पार्टी को भी निर्वाचन आयोग का नोटिस मिल गया है। पूर्व में रिटर्निंग ऑफिसर सीएस चौहान ने कांग्रेस नेता विजयपाल सजवाण,



जगमोहन रावत व भाजपा नेता शांति गोपाल रावत को आचार सहिंता के उल्लघंन के आरोप में नोटिस जारी किया था।

शुक्रवार को आप पार्टी के कर्नल (सेनि.) अजय कोठियाल को भी नोटिस जारी किया गया है। कर्नल कोठियाल पर आचार सहिंता के दौरान शॉल भेंट करने का आरोप है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर कर्नल कोठियाल का एक और वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह डुंडा विकासखंड के कुलेथ गांव में बच्चों को खिलौना पिस्तोल बांटते नजर आ रहे हैं।

निर्वाचन आयोग का कहना है कि उक्त वीडियो के संबंध में भी कोठियाल को नोटिस जारी किया जाएगा। आचार सहिंता के दौरान शॉल बांटने के आरोप में कर्नल (सेनि.) अजय कोठियाल को नोटिस जारी किया गया है। उनका एक और वीडियो प्राप्त हुआ है। उक्त वीडियो के संबंध में भी नोटिस जारी किया जाएगा।

## मसीह अल्पसंख्यक समाज ने कांग्रेस से विस चुनाव में मांगा प्रतिनिधित्व

**संवाददाता** देहरादून। मसीह अल्पसंख्यक समाज ने केंद्र के कांग्रेस पार्टी के हाईकमान आलाकमान नेताओं वह प्रदेश के बडे नेताओ को कहा कि आज तक हमारी कोई भी बात कांग्रेस पार्टी के अंदर नही सुनी जा रही है। हमारे प्रदेश के नेता हमारी बात को लेकर आलाकमान हाईकमान तक नही पहुँचा रहे है जिस कारण आज हम मसीह समाज अपने आप को ठगा हुआ सा महसूस कर रहे है क्योकि ईसाई समुदाय एक ऐसा समुदाय है जो कांग्रेस को हमेशा वोट देता रहा है। परंतु कांग्रेस पार्टी ने कभी भी 70 में से 1 सीट के लिए भी हमे टिकट नही दिया है जबकि कांग्रेस का यह नारा है हम हर समाज सर्व धर्म को साथ लेकर चलते है वा इससे कांग्रेस की मानसिकता सामने आती है ,कि 2002 से 2007 तक किसी एक व्यक्ति को भी ईसाई समुदाय से या ईसाई समुदाय के समर्थन से विधानसभा या लोकसभा का आज तक कोई भी टिकट नही दिया गया।